# प्यारा नाम बाबा श्याम | By Sunil Sarvottam

जय श्री श्याम जय श्री श्याम
बोलो सुबह और शाम
बन जायेंगे बिगड़े हुए सभी काम
प्यारा नाम बाबा श्याम
बोलो सुबह और शाम
सब दु:ख होंगे दूर होगा सुख आराम

श्याम जी के नाम से तो हारे भी जीतते
दु:ख और मुसीबतें भी जल्दी से बीतते
श्याम नाम की महिमा न्यारी
कट जाते हैं संकट भारी
बोलो जय श्री श्याम

प्रेम भाव से जो करे सांवरे का कीर्तन
उनके तो श्याम बाबा भरता है अन्न धन
श्याम नाम गुण गाते जाओ
मनचाहा फल पाते जाओ
बोलो जय श्री श्याम

हाथो में निशान लिए जो भी खाटू आएगा
सांवरे के द्वार से वो खाली नहीं जायेगा
बिगड़ी बात बनाये बाबा
सोये भाग्य जगाये बाबा
बोलो जय श्री श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-sunil-sarvottam/